बजाये राम नाम की ताली हनुमान जी भजन लिरिक्स

जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम,
चारो युगों के तुम प्रतापी,
बजरंगी बलशाली,
बजाये राम नाम की ताली,
जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम।bd।

सतयुग में तुम रूद्र कहाये,
त्रेता में हनुमत बन आये,
द्वापर युग में हरि मिलन की,
तुमने आस लगा ली,
बजाए राम नाम की ताली,
जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम।bd।

अजर अमर प्रभु गुण के सागर,
भर दो मेरी खाली गागर,
पवन पुत्र अंजनी के लाला,
करे भगत रखवाली,
बजाए राम नाम की ताली,
जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम।bd।

कलयुग में है वास तुम्हारा,
मेहंदीपुर है सच्चा द्वारा,
जो कोई सच्चे मन से आता,
भरते झोली खाली,
बजाए राम नाम की ताली,
जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम।bd।

जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

चारो युगों के तुम प्रतापी,
बजरंगी बलशाली,
बजाये राम नाम की ताली,
जय जय जय श्री राम,
जय जय जय श्री राम।bd।

Singer – Sunil Sargam

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com